मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-316
12/05/2026

पूर्व मंत्री स्व0 बागी कुमार वर्मा के पार्थिव शरीर पर पुष्प–चक्र अर्पित कर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

पटना 12 मई 2026 :– पूर्व मंत्री स्व0 बागी कुमार वर्मा का पार्थिव शरीर आज बिहार विधानमंडल परिसर लाया गया, जहां मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने पुष्प–चक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की।

स्व0 बागी कुमार वर्मा के पार्थिव शरीर पर राज्य सरकार के मंत्रीगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने स्व0 बागी कुमार वर्मा के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

******